षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02 मंगलवार, दिनांक- 27 फरवरी, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.15 बजे पूर्वा० तक ।

[1] **कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-**

माननीय सदस्य, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा दिनांक 26.02.2018 को सम्पन्न कार्यमंत्रणा समिति के बैठक की निम्न अनुशंसाओं को सदन में रखा गया :-

(i) वृहस्पतिवार, दिनांक 01 मार्च, 2018 को सभा की बैठक नहीं होगी;

(ii) सोमवार, दिनांक 05 मार्च, 2018 को सभा की बैठक 10.00 बजे पूर्वाह्न से होगी तथा वृहस्पतिवार, दिनांक 01 मार्च, 2018 के लिए निर्धारित प्रश्न (वर्ग-4) 10.00 बजे पूर्वाह्न से 11.00 बजे पूर्वाह्न तक लिये जायेगें;

(iii) सोमवार, दिनांक 05 मार्च, 2018 को वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श एवं सरकार के उत्तर के लिए 03 घंटे का समय निर्धारित होगी;

(iv) शेष कार्य यथावत रहेंगे ।

समिति द्वारा की गयी उक्त अनुशंसाओं पर सदन की सहमति हुई ।

प्रश्नकाल प्रारम्भ होते ही नेता विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा मुजफ्फरपुर में बच्चों को गाड़ी से कुचलने का मामला उठाया गया तथा आरोपित को गिरफ्तार करने तथा सदन के कार्य स्थगन की माँग की गयी ।

आसन से कहा गया कि सदन के चलने का एक नियम है और कार्य स्थगन उठाने का समय भी निर्धारित है । आप उस समय इस मुद्दे को उठाएं ।

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार एवं माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री सुरेश शर्मा द्वारा उक्त घटना पर सरकार की ओर से विस्तारपूर्वक स्थिति को स्पष्ट करने की कोशिश की ।

किन्तु अपनी माँग को लेकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन से बार-बार अनुरोध किया गया कि विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर जायें तथा नियमानुकूल तरीके से अपने विषय को उठायें तभी सरकार भी जवाब देगी ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 04.30 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[2] वित्तीय कार्य :-

वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक विवरणी का उपस्थापन :-

(i) माननीय मंत्री वित्त श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया तथा बजट भाषण दिया गया ।

(ii) माननीय मंत्री वित्त श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण को सदन में उपस्थापित किया गया ।

[3] महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद :-

माननीय सदस्य, श्री नरेन्द्र नारायण यादव ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा पक्ष रखा ।

माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी द्वारा धन्यवाद के प्रस्ताव का समर्थन किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

आसन से घोषणा की गयी कि माननीय नेता, विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं माननीय सदस्य, श्री रामदेव राय द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रस्तुत किया गया संशोधन नियमानुकूल है तथा इसे सदन की सहमति से पढ़ा हुआ माना जाय ।

तदुपरान्त माननीय नेता विरोधी दल द्वारा अपना संशोधन प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

माननीय नेता विरोधी दल के पक्ष रखने के दौरान सदन की सहमति से सदन की अवधि का विस्तार किया गया ।

आसन से घोषणा की गयी कि धन्यवाद प्रस्ताव एवं संशोधन प्रस्ताव पर वाद-विवाद कल दिनांक 28 फरवरी, 2018 को भी जारी रहेगा ।

[4] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 05 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-28 फरवरी, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-27.02.2018

राम श्रेष्ठ राय

सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।